Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 11-04-2023 | अंक 537

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## बक्सपुरा में पाहन की ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने किया उद्भेदन

### ओझा गुनी के चक्कर मे पाहन की किया गया था हत्या

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए दो हत्याओं में से एक का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया।और हत्या में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।बताते चलें कि शनिवार को बक्सपुरा गांव के एक कुआं से एक शव मिला था।जिसका पहचान उसी गांव के कारू भुइयाँ के रूप में पहचान हुआ था।हत्या के बाद आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम जिसमे एस डी पी ओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में बक्सपुरा गांव से दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार लोगो ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार भी कर ली।गिफ्तार ब्यक्तियो ने पाहन की हत्या ओझा गुणी के आरोप में कर दिया था।गिरफ्तार अभियुक्तों में विनय भुइयाँ एवं पिता भुनेश्वर भुइयाँ का नाम शामिल है।हालांकि इस उदभेदन में थाना प्रभारी विकास पा. सवान एवं नंदन कुमार सिंह तथा दीपेंद्र कुमार सिंह का अहम रोल रहा।

## नेशनल कब्बडी खिलाड़ी नेहा कुमारी हुई सम्मानित



**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह के मोरवाई पंचायत निवासी नेशनल कब्बडी खिलाड़ी नेहा कुमारी के प्रोत्साहन को लेकर आरओएच इंचार्ज जुगनू दास के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया गया।इस दौरान उनके बेहतर खेल को निखारने को भविष्य में हर सभव मदद देने का आश्वासन भी दिया गया।वहीँ उपस्थित लोगों ने जुगनू दास के सार्थक पहल को साधुवाद दिया।साथ ही नेहा कुमारी के कोच असफाख अहमद मुन्ना को भी धन्यवाद दिया जो लगातार क्षेत्र से खेल की प्रतिभागियों को निखारने का काम कर रहे हैं।मौके पर बरवाडीह पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रेम कुमार, बरवाडीह उप-प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल, काज़मी अनवर समेत रेल अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## सचिवालय घेराव कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में बरही से पहुंचे भाजपाई



**अपेम लाइव : बरही**

हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ मुहिम के तहत भाजपा द्वारा आहूत सचिवालय घेराव कार्यक्रम में बरही प्रखंड से काफी संख्या में भाजपाई रांची पहुंचे। रांची में सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महती योगदान दिया। टीम सांसद जयंत सिन्हा के निर्देशन में रांची पहुंची। वहीं इस टीम का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने किया। जिसमे संजीव कतरियार, अंबिका सिंह, अमित साहू, बंधन यादव, डोमन पांडेय एवं जितेंद्र गिरी मुख्य रूप से शामिल थे।

# इस गर्मी में भी बरही वासियों को नही हो पाएगी ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना से से पेयजल सप्लाई

## 15 साल से लटका है डीवीसी ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना, विभागीय उदासीनता की खामियाजा भुगत रहे है लोग



अधूरा पड़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट



बराकर नदी पर बना इंटेक वेल



शोपीस बना पानी टंकी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही शहर सहित पांच पंचायत के लगभग 30 हजार आबादी को पेयजल आपूर्ति कराने के उद्देश्य से बनाया जा रहा डीवीसी ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना पिछले 15 साल से लटका हुआ है। हर साल गर्मी में बरही वासियों को उम्मीद जगती है की शायद इस बार पेयजल आपूर्ति हो जाए। लेकिन आज तक बरही वासी उम्मीद पर ही नजरे टिकाएं हुए हैं। गौरतलब हो की गर्मी आने के बाद बरही शहरी क्षेत्र एवं आस पास के क्षेत्र में गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। अधिकतर चापानल एवं कुंआ सुख जाता है। जिसके कारण लोग पानी खरीद कर पीने को मजबूर हो जाते है। इसी समस्या के समाधान के लिए तत्कालीन विधायक मनोज कुमार यादव के प्रयास से तिलैया रोड उजैना में लगभग 17 करोड़ की लागत से डीवीसी ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना की शिलान्यास की गई थी। इसमें डीवीसी का भी अंशदान था। झारखंड सरकार के पीएचईडी विभाग एवं डीवीसी को मिलकर इस प्रोजेक्ट को पूरा करना था। सूत्रों के अनुसार इस प्रोजेक्ट में डीवीसी को 9 करोड़ 41 लाख एवं पीएचईडी को 7 करोड़ 83 लाख रुपए लगानी थी। इसमें डीवीसी ने 6 करोड़ लगाया , लेकिन 3 करोड़ की राशि उनके द्वारा नही दी गई। जिसके कारण भी काम लटक गया। इस प्रोजेक्ट के तहत बराकर नदी के तिलैया डैम जलाशय से पानी लाकर उजैना में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से फिल्टर कर पेयजल आपूर्ति की योजना थी। इस योजना के तहत बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, कोनरा, रसोईया धमना, बेंदगी एवं करसो पंचायत के 30 गांवो की लगभग 30 हजार की आबादी तक पेयजल आपूर्ति कराने की योजना है। इसमें कुछ काम हुआ भी है। बराकर नदी के तिलैया डैम में इंटेक वेल भी बना। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी लाने के लिए पाइप भी बिछाया गया। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी आधा अधूरा बना, जो अब जर्जर हो चला है। पूरा परिसर झाड़ियों में तब्दील हो गया है। कुछ कुछ गांव में पाइप बिछाने का कार्य किया जा चुका है। डीवीसी एवं पीएचईडी में खींचतान में फंसा पेंचरू सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समय पर डीवीसी अपना अंशदान समय पर नहीं दिया, जिसके कारण काम में तेजी नही आई। लेकिन डीवीसी का कहना है की वे लोग उनके हिस्से की राशि दे चुके हैं। पीएचईडी के कारण मामला फंसता रहा है। संवेदक भी आधा अधूरा काम कर रफूचक्कर हो गया। I उनका तर्क था की प्रकल्लन पुराना हो गया है। जिसके कारण इस दर पर काम करना मुश्किल है। इसलिए रिवाइज इस्टी. मेट बनने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू हो पाएगा। इस मामले को वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला ने कई बार विधान सभा में उठाया। सरकार ने रिवाइज इस्टीमेट की भी स्वीकृति दी। पुनः टेंडर कराने का प्रस्ताव विभाग ने दिया। पिछले 15 मार्च को टेंडर भरने की तिथि भी निर्धारित किया गया। लेकिन उसके बाद भी अब तक रुका हुआ काम शुरू नही हुआ। यह देख बरही वासी भी अब स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सांसद, विधायक एवं विभाग से विश्वास उठने लगा है। सरकार के खिलाफ भी असंतोष पनपने लगा है।

**क्या कहते हैं विधायक उमाशंकर अकेला :** इस मामले में कई बार सदन में में उठाने वाले विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की डीवीसी ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना को पूरा कराने के लिए शुरू से ही संकल्पित रहा हूं। हर हालत में इसी कार्यकाल में पूरा भी कराऊंगा। विभागीय उद. ासीनता के कारण इसे शुरू नही कराया जा सका है। पीएचईडी के अधिकारी गुम. राह कर रहे हैं। 15 मार्च को टेंडर होना था, लेकिन उनके द्वारा बताया गया की डीवीसी से एनओसी नही आया है। जबकि डीवीसी पहले ही एनओसी दे चुकी है। विभागीय पदाधिकारियों की लेट लेट लतीफी एवं रुचि नहीं लेने के वजह से देर हो रही है। लेकिन हम भी छोड़ने वाले नही है। विभागीय मंत्री को वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया है। जल्द ही इस समस्या का समाधान करा लिया जायेगा।।

# भाजपा नेताओं ने रांची में लाठीचार्ज की निंदा की

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**

बरवाडीह/लातेहार : झारखण्ड सरकार के खिलाफ मंगलवार को रांची के सचिवालय में भारतीय जनता पार्टी के घेराव कार्यक्रम के दौरान हुए लाठीचार्ज कई भाजपा नेता घायल हुए हैं जिसको लेकर भाजपा नेताओं ने लाठीचार्ज की निंदा करते हुए हेमंत सरकार के पतन की शुरुआत बताया है । भाजपा नेत्री और जिप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि राज्य की सरकार अपने सभी योजनाओं और कार्यप्रणाली में विफल साबित हुई है जिसका यह परिणाम है इस सरकार के विरोध में जहां राज्य मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन करने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को सभी प्रखंड और जिला स्तर पर वाहन चेकिंग के नाम पर रोकने का प्रयास किया गया वही प्रयास सफल नहीं होने पर कार्यक्रम स्थल पर लाठीचार्ज और आंसू गैस चलाकर आवाज को दबाने का प्रयास किया गया है जो हेमंत सरकार के अंदर बैठे भय को दिखाता है।वहीं भाजपा के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ अब विरोध की हवा बहने लगी है क्योंकि राज्य में लगता अराजकता अपराध भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और इसे उखाड़ फेंकने के लिए पूरे राज्य की जनता तैयार है सरकार जितना भी लाठी



गोली चला ले सरकार को उखाड़ फेंकने का अब राज्य की जनता संकल्प ले चुकी है । वही भाजयुमो के महामंत्री पारस जायसवाल ने भी भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज कराना एक सोची समझी साजिश बताया है और कहा कि सरकार अब अपनी उल्टी गिनती गिनना शुरू कर दें क्योंकि राज्य में हेमंत सरकार के खिलाफ जनता एकजुट होने लगी है । वही पार्टी के नेता पवन चौधरी प्रवीण कुमार दीपक तिवारी दिलीप पासवान जितेंद्र सिंह समेत कई नेताओं ने लाठीचार्ज की घटना की निंदा की है



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## दिन भर जलता रहता है बरही चौक पर लगा हाई मास्ट लाइट, देखकर भी नजरंदाज करते है लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


दिन में जलता बरही चौक पर लगा हाई मास्ट लाइट

बरही चौक पर लगा हाई मास्ट लाइट बरही चौक को दूधिया रोशनी प्रदान करता है। जिसके वजह से बरही चौक की सुंदरता बढ़ती है। बरही चौक पर सैकड़ो लोग अलग अलग तरह के ठेला, गुमटी सहित अन्य तरह के छोटा व्यवसाय करते हैं। इनके व्यवसाय को बढ़ाने में बरही चौक पर लगा हाई मास्ट लाइट काफी मददगार साबित होता है। लेकिन विडंबना देखिए लोग रात में रोशनी का मजा लेते हैं। लेकिन सुबह उसके लाइट को ऑफ करना भूल जाते हैं। जिसके कारण दिन भर लाइट जलता रहता है। जिसके कारण बेकार में बिजली की खपत होती है। लाइट फ्यूज होने की संभावना बनी रहती है। बरही पूर्वी मुखिया छोटन ठाकुर ने बताया की उनके एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा लाइट को ठीक कराया गया है। ऑन ऑफ के लिए स्विच भी लगाया गया है। बरही चौक पर ठेला लगाने वाले लोगों को बोला गया है की दिन में स्विच ऑफ कर दें। लेकिन इसके बाद भी कोई लाइट ऑफ नही करता है। मुखिया ने बताया की जब मुझे नजर आती है की दिन में भी लाइट जल रहा है तो मैं खुद ऑफ करता हूं। चिंता जाहिर करते हुए कहा की लोग लाइट का फायदा उठाते हैं, लेकिन उसे सुरक्षित रखने का प्रयास नही करते हैं। यही वजह है की खराब होने पर उसे ठीक कराने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। ज्ञात हो की देख भाल के अभाव में एनटीपीसी द्वारा गया रोड एवं धनबाद रोड में लगाया गया स्ट्रीट लाइट खराब हो गया।

## सामाजिक कुरीतियों एवं महिला शिक्षा पर विशेष जोर दिए थे महात्मा ज्योतिबा फुले : भोला माली

### बरही में महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई गई जयंती, उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


जयंती मनाते माली समाज के लोग

माली मालाकार कल्याण समिति बरही के द्वारा बरही ब्लॉक स्थित एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाई गई। इस दौरान माली समाज लोगों ने क्रमबद्ध तरीके से महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। माली समाज के अध्यक्ष भोला माली ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के मौके पर कहा कि सामाजिक भेदभाव व कुरीतियों को खत्म करने के लिए महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने जो अभियान चलाया था, उसे अब तक माली समाज के लोग आगे बढ़ा रहे है। सचिव बसंत माली ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है । उन्होंने ही महिलाओं की शिक्षा की अलख जगाई थी। जिससे आज महिलाएं कदम से कदम मिला कर चल रही हैं। उनके महान कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता है।जयंती समारोह में शामिल लोगों में मुख्य रूप से पूर्व वार्ड सदस्य सरस्वती देवी, माली समाज के अध्यक्ष भोला माली, सचिव बसंत माली, मीडिया प्रभारी अमित मालाकार, गोदावरी भगत, प्रदीप मालाकार, दयानंद भगत, गणेश मालाकार, छोटी कुमारी सहित कई लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

## चौंतीस घंटे बाद निकला क्षत विक्षत शव,ईटावा के बीस वर्षीय दो चालकों की मौत




**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

दनुआ घाटी में सोमवार सुबह आपस में टकराए पांच वाहनों में से खाई में गिरे लोहे की छड लादे ट्रक नंबर युपी 75 एटी 4333 से शव निकालने में पुलिस को कडी मशक्कत करनी पड़ी। सोमवार से लगातार दो जेसीबी, क्रेन मशीन लगाकर ट्रक से छड हटाया जा रहा था। मंगलवार दोपहर तीन के करीब जब गाडी को खाली कराने के बाद खींचा गया तो वाहन के केबिन में दबकर मरे दो युवा चालकों का बेहद क्षत विक्षत शव ट्रक में फंसा हुआ मिला। शरीर का हर भाग लोहे की छड की वजह से तितर बितर हो गया था। स्थानीय पुलिस, कुछ सहयोगी और आपदा मित्र एंबुलेंस के चालक शक्ति ने किसी तरह शव के टुकड़ों को समेट कर एकत्रित किया और पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग ले गया। मृतक की पहचान शिव कुमार तथा ऋषि यादव दोनों उम्र बीस वर्ष ,जिला इटावा, थाना भरथना गांव नगला हुलास, युपी के रुप में चिन्हित किये गये। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर इनके परिजन भी आ गये थे।

**पुलिस की बैरिकेडिंग दो दिनों में धाराशायी**

पुलिस द्वारा बीते पखवारे एसपी मनोज रतन चौथे के निर्देश पर हथिया बाबा मंदिर के पहले जीटी रोड पर सुरक्षा के ध्येय से बैरिकेडिंग की गई थी । परंतु इसके लगने के दुसरे ही दिन सडक पर रखे गये ड्रम को सडक से हटा दिया गया।

**मंगलवार को पहुंचे एमभीआई और यातायात प्रभारी**

इधर लगातार होने वाली दुर्घटना पर एसपी मनोज रतन चौथे के निर्देश पर मोटर यान निरीक्षक बिजय गौतम और यातायात प्रभारी रोहित सिंह घाटी पहुंचे। इस दौरान दोनों ने दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की।

## हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ सचिवालय घेराव कार्यक्रम में पूर्व विधायक के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपाई हुए रवाना




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में झारखंड से हेमंत हटाओ और झारखंड बचाओ रैली में शामिल होने बरही से सैकड़ों भाजपाई रवाना हुए। विदित हो कि हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों, लूट, खसोट, भ्रष्टाचार के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशाल रैली और प्रदर्शन का आह्वान किया गया था, जिसमे पूरे झारखंड से लाखो भाजपाई कार्यकर्ता शामिल होकर हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने बताया कि साढ़े 3 साल की वर्तमान झारखंड के जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी सरकार केवल लूट और झूठ की सरकार साबित हो रही है। ये गठबंधन की सरकार पूरी तरह विफल सरकार है। किसान मायूस हैं, युवा नाखुश है, महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं, आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं, ओबीसी वर्ग को केवल धोखा मिला है। पिछले साढ़े 3 सालों से विकास के संपूर्ण काम ठप्प पड़े हैं। मौके पर जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, विजय यादव, सकलदेव यादव, बिरेन्द्र रजक, रितेश गुप्ता, मनोज उपाध्याय, नागेश्वर रजक, अशोक यादव, सचिन यादव, मुन्ना यादव, नागेश्वर रजक, मनितोष यादव सहित सैकड़ों भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद रहे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 11-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## पेंशनर समाज ने आठ सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी/चतरा :– झारखंड राज्य पेंशनर समाज का एक शिष्टमंडल उपायुक्त अबु इमरान से मुलाकात किया। इस दरम्यान आठ सूत्री मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष शंकर पाठक कर रहे थे। मांगों में राजधानी में सीपीपीसी की शाखा का सृजन कराया जाय, अन्य संगठनो की भांति राजधानी तथा सभी जिले में पेंशन भवन की व्यवस्था की जाय, ग्रेड पर पेंशन का निर्धारण कर पेंशनरों को लाभ दिया जाय, अर्द्ध सरकारी सेवा निवृत्त कर्मियों बोर्ड, निगम, निकाय, अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों आदि को भी सरकारी कर्मियों की भांति पेशन दिया जाय,आम जनता को पेंशन दिया जाता है, लेकिन सबसे निचले तबके के कर्मचारियों जैसे दैनिक वेतनभोगी, मास्टर रौल, कार्यभारित, मौसमी, आउटसोर्सिंग, अनुबंध, संविदा, मानदेय, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, एम.डी. एम. कर्मी तथा प्रोत्साहन भत्ता प्राप्त सेवानिवृत कर्मियों को भी पेंशन दिया जाय, शिक्षकों के लिए प्रवरण एवं वरीय चेतनमान तथा एसीपी एवं एमएसीपी लागू किया जाय सहित अन्य शामिल है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मनाई गई कस्तूरबा गांधी की जयंती

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मंगलवार को महात्मा गांधी की धर्मपत्नी और देश की आजादी में अपना अहम योगदान निभाने वाली नारी शक्ति कस्तूरबा गांधी की जयंती मनाई गई।जयंती कार्यक्रम के दौरान जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन समेत अन्य शिक्षाकर्मियों छात्राओं के द्वारा कस्तूरबा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिकाओं के द्वारा कस्तूरबा गांधी के जीवन पर आधारित कई बिंदुओं को अपने विचारों के माध्यम से छात्राओं के बीच रखा गया।मौके पर वार्डन रूबी कुमारी ,शेवता कुमारी, उषा कुजूर, जुबिता मिंज, वर्षा पाठक, गोसिया खानम, पूनम कुमारी, नीलम कुमारी, लेखपाल मुकेश भारती समेत विद्यालय की छात्राएं मौजूद थे।

## बीडीओ कान्हाचट्टी की पहल प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को एलौंसमेन्ट कर चेताया

### जो आवास योजना के पैसे लेकर एक सप्ताह के अंदर कार्य नहीं शुरू करेगा उन पर होगी मुकदमा दर्ज : बी डी ओ

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अपनी एक टेंपो से माइक लगाकर आवास योजना के लाभुकों को चेताया और एलाउंसमेंट में उन्होंने कहा कि जो लाभुक जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में अग्रिम भुगतान की गई है। और वह आवास योजना का निर्माण कार्य नहीं कर रहे हैं वैसे लाभ हो एक सप्ताह के अंदर यदि कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ पैसे की वसूली करते हुए उन पर मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।उन्होंने आगे कहा कि जो भी लाभूक हैं यदि वे एक सप्ताह में निर्माण नहीं करेंगे तो उन्हें सभी तरह के सरकारी सुविधा से भी वंचित कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ आवास का निर्माण नहीं करा रहे हैं उनका राशन कार्ड पेंशन आदि भी बंद किया जा सकता है। उन्होंने आगे एलाउंसमेंट में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में दी गई राशि से लाभुकों को घर बनाने में सहायता के लिए दी जाती है और यदि वह आवास निर्माण नहीं करते हैं तो निश्चित रूप से उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए थाने में उनके विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराया जाएगा। एवं सरकारी राशि की वसूली लाभुक से की जाएगी। बी डी ओ ने एक टेंपो में माइक चोंगा बांधकर रात हो या दिन प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को सभी गांव गांव में भेजकर एलाउंसमेंट करवा रहे हैं।एलौंसमेन्ट में महोने कहा कि यथाशीघ्र आवास का निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में यदि कोई बिचौलिए गिरी करते हैं एवं आवास योजना में कोई दलाल पैसे की मांग करता है तो आप अवीलंब प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना दें। जो भी आवास योजना में दलाली करेगा निश्चित रूप से सरकार उसके विरुद्ध कार्रवाई करेगी। इधर एलजन्समेंट के बाद प्रखंड क्षेत्र में आवास योजना निर्माण में तेजी आने की सम्भावना है।

## युवा ब्राँड मेन्स वेयर का रौशन लाल चौधरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : बड़कागांव टैक्सी स्टैंड के समीप रौशन लाल चौधरी ने युवा ब्राँड मेन्स वेयर का शुभारम्भ फीता काटकर किया। कार्यकर्ताओं एवं संचालक के द्वारा रौशन लाल चौधरी को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर उप. स्थित संचालक तनजील उर्फ सलमान ने कहा कि हमारे यहां मेंस के लिए हर प्रकार का आइटम उपलब्ध है। ग्राहकों को सुविधा देना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रुप से आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम र्वमा, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, वरिष्ठ आजसू कार्यकर्ता राजा खान, शबबु खान, राजन अहमद, जावेद हुसैन, बाबर खान, मो अफरोज, मो सिहान, मो नौसाद, मो नदीम, गुडडू रजा, सदाम हुसैन, रौशन कुमार, कैसर अली, छोटु महतो, विजय कुमार, फजलुर रहमान के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कलश यात्रा के साथ 7दिवसीय शतचंडी महायज्ञ शुरू

### भक्ति गानों व जयकारों से भक्तिमय हुवा क्षेत्र

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखंड क्षेत्र के चिरिदिरि पंचायत अंतर्गत कान्हाकला गांव में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। इस दौरान देवी-देवताओं की जय-जयकार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।कलश यात्रा कान्हा देवी मंडप यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर सम्पूर्ण गांव होते हुए गहड़ी नदी के संगम तट पर पहुंचा। जहां पर यज्ञ कार्यक्रम में आए अज्ञाचार्य उमेश मिश्रा सहित कई महापंडितों व विद्वानों के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराकर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कलश में जल उठाया गया।तत्पश्चात कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचा जहां परिक्रमा के पश्चात कलश स्थापित किया गया।यज्ञ को लेकर लोगों में काफी उत्साह का माहौल है।शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा को सफल बनाने में यज्ञ समिति के लोगों ने जगह-जगह पर कमेटी के लोगों को लगाया था।जल यात्रा में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख इंदु देवी, उपप्रमुख सुमन सिंह,युवा नेता सौरभ सिंह,प्रदीप पासवान,यज्ञ समिति के अध्यक्ष बसंत सिंह,उपाध्यक्ष विनय सिंह,कोषाध्यक्ष नरेश सिंह,धर्मेंद्र सिंह,सचिव सिकेन्द्र सिंह, गोपाल कुमार, प्रिंस कुमार, अनिकेत, विक्की सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्तगण मौजूद थे।

## खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह-ए- रमजान न सिर्फ रहमतों बरकतों का महीना : शोएब

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



श्री बंशीधर नगर : माह ए रमजान मुसलमान समुदाय के लिए काफी खास और पवित्र होता है उक्त बातें युवा समाजसेवी शोयब आलम(गुड्डू) ने कही। उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह-ए- रमजान न सिर्फ रहमतों बरकतों का महीना है बल्कि मानव जाति धर्म को आपसी भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है उन्होंने कहा की रोजा रखना हर मुसलमान के लिए जरूरी बताया गया है। उन्होंने कहा कि रोजा सिर्फ भूखे, प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि अश्लील या गलत काम से बचना है इसका मतलब हमें हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों के कामों को नियंत्रण में रखना है।उन्होंने कहा कि पवित्र ए माह रमजान में किसी तरह के झगड़े या गुस्से से ना सिर्फ मना फरमाया गया है बल्कि किसी से गिला शिकवा है तो उससे माफी मांग कर समाज में एकता कायम करने की सलाह दी गई है इसके साथ एक तय रकम या सामान गरीबों में बांटने की हिदायत है ,जो समाज के गरीब लोगों के लिए बहुत ही मददगार है उन्होंने कहा कि इस पवित्र माह में अल्लाह की इबादत करते हुए रोजा रखा जाता है इसे पाक और अल्लाह की इबादत का महीना भी कहा जाता है।




## रेड क्रॉस के तत्वावधन में थाना परिसर में ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ आयोजन

### थाना प्रभारी विकास पासवान,बी डी ओ हुलास महतो सहित एक दर्जन लोगों ने किया रक्तदान

### जाते जाते बिकास पासवान ने खून देकर जीता थाना क्षेत्र वासियों का दिल





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी/चतरा : रेड क्र०स सोसाइटी चतरा के तत्वावधान में मंगलवार को राजपुर थाना परिसर में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर राजपुर थाना परिसर में लगाई गई। शिविर का शुभारंभ राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान व पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह , दिलीप सिंह ने ब्लड डोनेट कर किया। तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी हुलास महतो,सब इंस्पेक्टर नंदन कुमार सिंह, मुखिया छोटू सिंह,संजय पांडेय, बसन्त सिंह,रंजीत कुमार सिंह, कृष्णा पासवान, राकेश केशरी,सहित एक दर्जन लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे बढ़कर कोई भी पुण्य का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे द्वारा दिए गए रक्त से किसी की जान बच सकती है तो ऐसा पुण्य का काम हम सबों को करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी समाज में कई गलत धारणाएं बनी हुई है। लोग कहते हैं इसे देने कमजोरी होती है। परंतु ऐसा कोई बात नहीं है। रक्त देने से हमें कई प्रकार की बीमारियों से निजात मिलती है।वही बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि दुनियां में सबसे बड़ा दान रक्त दान है,इससे बढ़कर कोई दान नहीं होता।जो ब्यक्ति रक्त दान करता है उसका शरीर सुदृढ रहता है।मुखिया छोटू सिंह ने कहा कि प्रत्येक तीन माह में ब्लड दान करने वाला ब्यक्ति का खून रिसाइकल हो जाता है जिससे शरीर मे कोई बीमारी नहीं होता है। इधर क्षेत्र के लोगो ने थाना प्रभारी जिनका स्थानांतरण हो गया के ब्लड डोनेट के बाद लोगो ने कहा कि पासवान खून देकर लोगो का दिल को जीत लिया।. रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस की ओर से रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र पाठ्क, लैब टेक्नीशियन आजाद अफसर, सुमन कुमारी, रंजिता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, तापेश्वर सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नव पदस्थापित थाना प्रभारी विनोद कुमार ने राजपुर थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में लिया प्रभार

### उग्रवादी,अपराधी एवं अफीम माफियाओं को नियंत्रण हमारी प्रमुखता : विनोद कुमार

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : मंगलवार को नए थाना के 17वें प्रभारी के रूप में मंगलवार को विनोद कुमार ने लिया प्रभार।बताते चलें कि विनोद कुमार तत्कालीन थाना प्रभारी विकास पासवान से मंगलवार को प्रभार लिए।प्रभार लेने के बाद नव पदस्थापित थाना प्रभारी श्री कुमार ने कहा कि अपराध,एवं उग्रवाद पर नियंत्रण करना एवं अफीम माफियाओं पर कार्रवाई करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।वहीं पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर सम्बन्ध बनाना भी मेरी प्राथमिकता में शामिल रहेगा।वही उन्होंने थाना क्षेत्र वासियों से कहा कि किसी प्रकार की आ. पराधिक तत्व आस पास दिखे तो तुरंत थाना को इसकी सूचना दें।

## वार्षिक परीक्षाफल घोषित, परिणाम पाकर छात्राओं के खिल उठे चेहरा







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के छोटकी बरही में संचालित न्यू लिटल फ्लावर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षाओं के परिणाम पाकर छात्र - छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कक्षा एक से प्रथम आफरीन प्रवीण एवं द्वितीय नसरीन प्रवीण, कक्षा द्वितीय से प्रथम स्थान फैजान अंसारी एवं द्वितीय स्थान प्रांजलि कुमारी, कक्षा तीसरा में प्रथम स्थान अलीजा प्रवीण, द्वितीय स्थान हसरत अंसारी एवं तृतीय स्थान गिरिराज कुमार, कक्षा चतुर्थ प्रथम स्थान गुलफाम अंसारी, द्वितीय चंदन कुमार एवं तृतीय स्थान गौरव राज और कक्षा सातवां में प्रथम स्थान फरहान अंसारी एवं द्वितीय स्थान सहगुफ्ता प्रवीण ने प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य बीरेंद्र कुमार ने सभी छात्राओं के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर सह प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, शिक्षक शंकर कुमार, रिंकी कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रेमलता देवी एवं प्रियंका कुमारी मौजूद थी।

APEM LIVE